मूल्यांकन का अर्थ
(MEANING OF EVALUATION)

शिक्षा में मूल्यांकन का प्रयोग वर्तमान शताब्दी की घटना है। **ग्रीन** व अन्य (Greene and others) का कथन है, **"शिक्षा में मूल्यांकन अभी एक नवीन धारणा है। इसका प्रयोग विद्यालय कार्यक्रम, शैक्षिक सामग्री, शिक्षक एवं बालकों की जाँच (Appraisal) के लिए किया जाता है।"** इसके द्वारा शिक्षण के उद्देश्यों, सीखने के अनुभवों तथा परीक्षणों में घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित किया जाता है।

शिक्षा आयोग (1964-66) ने अपने प्रतिवेदन में मूल्यांकन की धारणा को इन शब्दों में परिभाषित किया है, "मूल्यांकन एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जो शिक्षा-प्रणाली का एक अभिन्न अंग है। इससे छात्र की अध्ययन आदतों तथा शिक्षक की शिक्षा-पद्धति पर बड़ा प्रभाव

Scanned with CamScanner

1. वेस्ले–"मूल्यांकन एक समावेशित धारणा है, जो वांछित परिणामों के गुण, महत्त्व तथा प्रभाव का निर्णय करने के लिए समस्त प्रकार के प्रयासों एवं साधनों की ओर संकेत करता है। यह वस्तुगत प्रमाण तथा आत्मगत निरीक्षणों का मिश्रण है। यह सम्पूर्ण एवं अन्तिम अनुमान है। यह नीतियों के रूप-परिवर्तनों एवं आगामी कार्य के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अनिवार्य पथ-प्रदर्शक है।"

"Evaluation is the inclusive concept, which indicates all kinds of means to ascertain the quality, value and effectiveness of desired outcomes. It is a compound of objective evidence and subjective observations. It is the total and final estimate. It is a valuable, an indispensable guide to the modification of policies and to further action."

—Wesley

Scanned with CamScanner